| तापमान | | |
|---|---|---|
| भोपाल | 26.0° | 33.0° |
| इंदौर | 24.0° | 32.0° |
| जबलपुर | 24.0° | 29.0° |
| ग्वालियर | 28.0° | 37.0° |
| सागर | 24.0° | 31.0° |

# नईदुनिया

वर्ष- 80
(भोपालः वर्ष 41 अंक 230, पृष्ठ 12)
आषाढ़, शुक्ल पंचमी संवत् 2083
रविवार, 19 जुलाई 2026
कीमतः 3:00 रुपये

www.naiduniaonline.com भोपाल संस्करण भोपाल एवं सागर से एकसाथ प्रकाशित



**राजधानी...** प्रदेश की गौरवशाली विरासत को मिल ...


**व्यापार...** रिलायंस का तिमाही लाभ घटा, आय में उल्लेखनीय ...


**खेल...** ट्रंप ने की मेसी, रोनाल्डो व केन की तारीफ, बोले महान ...


**देश-विदेश...** वरिष्ठ नेता आजम खान की दो वर्ष की ...

### पुलिस की कार्रवाई के बाद अभिजीत दीपके ने शुरू किया अनशन, महिला ने फेंकी स्याही

# सोनम अस्पताल में भर्ती, दवा लेने से इन्कार

**नईदुनिया ब्यूरो, नई दिल्लीः** जंतर-मंतर पर 21 दिनों से भूख हड़ताल पर बैठे सोनम वांगचुक को शनिवार सुबह पुलिस सफदरजंग अस्पताल ले गई। जहां उन्होंने दवा लेने से इन्कार कर दिया है। इधर, कॉकरोच जनता पार्टी के संस्थापक अभिजीत दीपके ने भूख हड़ताल शुरू कर दी। मंच से नीचे बैठने के दौरान एक महिला ने उन पर स्याही फेंक दी। शनिवार सुबह लगभग सात बजे सादे वस्त्रों में पुलिसकर्मी जंतर-मंतर पहुंचे और वांगचुक को सफेद चादर में उठाकर एंबुलेंस के माध्यम से अस्पताल पहुंचाया। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने उन्हें रोकने का



प्रयास किया, जिससे कुछ समय तक हंगामे की स्थिति बनी रही।

वांगचुक प्रश्नपत्र लीक प्रकरण की जांच तथा केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग को लेकर अनशन कर रहे हैं। लगातार अनशन के कारण उनका स्वास्थ्य बिगड़ता गया और उनका वजन लगभग साढ़े नौ किलोग्राम कम हो गया। इससे पहले उच्च न्यायालय ने केंद्र और दिल्ली सरकार को प्रतिदिन उनका चिकित्सकीय परीक्षण कराने तथा आवश्यकता पड़ने पर उपचार उपलब्ध कराने के निर्देश दिए थे।

अस्पताल प्रशासन के अनुसार वांगचुक में शरीर में जल की कमी के साथ चयापचय संबंधी गड़बड़ी के लक्षण पाए गए हैं। चिकित्सकों ने उन्हें तरल दवा, मौखिक पुनर्जलीकरण घोल तथा अन्य उपचार लेने की सलाह दी, लेकिन उन्होंने उपचार लेने से इन्कार कर दिया। उनकी लगातार निगरानी की जा रही है। वांगचुक के साथ अखिल भारतीय छात्र संघ की नेहा, आमीन और मनीष भी पिछले 21 दिनों से भूख हड़ताल पर हैं। नेहा की स्थिति गंभीर होने पर उन्हें अस्पताल में भर्ती कराने की सलाह दी गई है, जबकि आमीन और मनीष का स्वास्थ्य भी लगातार गिर रहा है।

इस घटनाक्रम पर विभिन्न राजनीतिक और सार्वजनिक हस्तियों ने भी प्रतिक्रिया दी है। विपक्षी नेताओं ने वांगचुक को अनशन स्थल से हटाए जाने की आलोचना की, जबकि ओलंपिक पदक विजेता मनु भाकर ने छात्रों के भविष्य और समान अवसरों की रक्षा की आवश्यकता पर बल दिया।

# यूसीसी के प्रारूप पर लगेगी मुहर

- **आज जगदीशपुर में होगी मंत्रिपरिषद की बैठक, विधेयक प्रस्तावों पर हुई चर्चा**

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** प्रदेश में समान नागरिक संहिता लागू करने को लेकर समिति की ओर से सौंपे गए प्रारूप पर रविवार को कैबिनेट की बैठक में मुहर लगेगी। उसके बाद यूसीसी विधेयक विधानसभा के मानसून सत्र में पेश किया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शनिवार को समत्व भवन स्थित मुख्यमंत्री निवास में उच्चस्तरीय बैठक लेकर 19 जुलाई को भोपाल जिले के ग्राम जगदीशपुर के पुरातात्विक धरोहर स्थल पर आयोजित होने वाली मंत्रिपरिषद की बैठक तथा 20 जुलाई से प्रारंभ होने वाले विधानसभा के मानसून सत्र की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की।



बैठक में मुख्यमंत्री ने मंत्रिपरिषद की बैठक में अनुमोदन के लिए प्रस्तुत किए जाने वाले विधेयक प्रस्तावों की विस्तार से जानकारी प्राप्त की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए सभी तैयारियां समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए।

बैठक में पंचायत एवं ग्रामीण विकास तथा श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल, मुख्य सचिव अनुराग जैन सहित विभिन्न विभागों के अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव, सचिव, अपर सचिव और उप सचिव स्तर के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

इनमें मुख्यमंत्री कार्यालय, लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, उच्च शिक्षा एवं संसदीय कार्य, सामान्य प्रशासन, संस्कृति, नगरीय प्रशासन एवं आवास, वित्त तथा औद्योगिक नीति एवं निवेश संवर्धन विभाग के वरिष्ठ अधिकारी भी शामिल रहे।

## खास-खबरें

### प्रधानमंत्री ने विक्रम-1 के सफल प्रक्षेपण पर दी बधाई

**नईदुनिया ब्यूरो, नई दिल्लीः** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने निजी क्षेत्र के कक्षीय श्रेणी के प्रक्षेपण यान विक्रम-1 के सफल प्रक्षेपण पर इसे विकसित करने वाली कंपनी के संस्थापक पवन कुमार चंदाना और नागा भरत डाका को दूरभाष पर बधाई दी। उन्होंने कहा कि इस उपलब्धि ने देश की नई पीढ़ी को प्रेरित किया है। प्रधानमंत्री ने युवा दल की मेहनत की सराहना करते हुए कहा कि वह प्रक्षेपण पर लगातार नजर रखे हुए थे। उल्लेखनीय है कि विक्रम-1 अपने साथ प्रधानमंत्री का हस्तलिखित 'वंदे मातरम' संदेश भी अंतरिक्ष में लेकर गया। यह भारत के निजी अंतरिक्ष क्षेत्र की ऐतिहासिक उपलब्धि मानी जा रही है।

### आमिर खान को जान से मारने की धमकी

**नईदुनिया ब्यूरो, मुंबईः** अभिनेता आमिर खान को तीसरे विवाह के बाद जान से मारने की धमकी मिलने का दावा किया गया है। बताया गया है कि लॉरेंस गिरोह की ओर से जारी बताए जा रहे एक पत्र और ध्वनि संदेश में उनके हालिया विवाह को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणियां की गई हैं तथा गंभीर परिणाम भुगतने की चेतावनी दी गई है। रिपोर्ट के अनुसार पत्र में अभिनेता पर लव जिहाद को बढ़ावा देने का आरोप लगाया गया है। समाचार लिखे जाने तक मुंबई पुलिस की ओर से इस संबंध में कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया था। वहीं अभिनेता की ओर से भी कोई प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है।

### सांप से डसवाकर स्कूल संचालक पति की हत्या

**नईदुनिया ब्यूरो, मेरठः** मेरठ के हस्तिनापुर क्षेत्र में एक स्कूल संचालक की संदिग्ध मृत्यु के मामले में पुलिस ने पत्नी, उसके कथित प्रेमी तथा दो सपेरों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस के अनुसार पूछताछ में आरोपितों पर विषैले करैत सांप से डसवाकर हत्या की साजिश रचने का आरोप सामने आया। जांच में दूरभाष विवरण के आधार पर पत्नी और कथित प्रेमी के बीच लगातार संपर्क होने की जानकारी मिली। पुलिस का कहना है कि हत्या के पीछे निजी संबंध और बीमा राशि प्राप्त करने की मंशा होने का आरोप है। मामले की जांच जारी है।

### अभिषेक बनर्जी का पार्टी कार्यालय ध्वस्त

**नईदुनिया ब्यूरो, कोलकाताः** दक्षिण 24 परगना जिले के अमतला में तृणमूल कांग्रेस सांसद अभिषेक बनर्जी के पार्टी कार्यालय को शनिवार को जिला प्रशासन ने ध्वस्त कर दिया। अधिकारियों के अनुसार भवन का निर्माण स्वीकृत भवन मानचित्र के बिना किया गया था, जिसके कारण यह कार्रवाई की गई। यह कार्यालय डायमंड हार्बर लोकसभा क्षेत्र में स्थित है, जहां से अभिषेक बनर्जी सांसद हैं। इसे जिले में पार्टी की संगठनात्मक गतिविधियों का प्रमुख केंद्र माना जाता था। चुनावों के दौरान इसी कार्यालय का उपयोग होता रहा।

### अमेरिका के हमले जारी, ईरान बोला- जमीनी युद्ध हुआ तो कुवैत और बहरीन में घुसेंगे

# होर्मुज के पास दो तेल टैंकरों में विस्फोट जल स्रोतों पर भी हमला, आपूर्ति ठप

**तेल अवीव/तेहरान/वाशिंगटन, एजेंसीः** अमेरिका और ईरान के बीच अब समुद्र के खारे पानी को साफ करने वाले प्लांट्स को निशाना बनाया जा रहा है। ईरान ने शनिवार को दावा किया कि अमेरिका ने होर्मोजगान प्रांत में हवाई हमला कर बोंजी डिसैलिनेशन (वाटर) प्लांट को तबाह कर दिया। इस हमले के बाद 20 गांवों के करीब 10 हजार लोगों की पेयजल आपूर्ति पूरी तरह ठप हो गई है।



वहीं कुवैत ने कहा कि ईरान ने लगातार दूसरे दिन उसके पानी के प्लांट को निशान बनाया है। कुवैत में पीने का लगभग 90 प्रतिशत खारे पानी को मीठी बनाने की प्रक्रिया (डिसैलिनेशन) से मिलता है। कुवैत की तरफ से कहा गया है कि इसमें किसी भी तरह की रुकावट रेगिस्तान वाले छोटे से देश में जीवन के लिए खतरा पैदा कर सकती है।

ईरान और अमेरिका के बीच जारी संघर्ष के बीच शनिवार को तनाव और बढ़ गया। ईरान की इस्लामी क्रांतिकारी गार्ड वाहिनी ने दावा किया कि होर्मुज जलडमरूमध्य में दो तेल टैंकर समुद्र में बिछी बारूदी सुरंगों से टकराने के बाद विस्फोट का शिकार हो गए। वाहिनी के अनुसार यह घटना अमेरिकी खुफिया एजेंसियों की गलत जानकारी के कारण हुई। हालांकि अमेरिकी केंद्रीय कमान ने इस दावे को असत्य बताया है।

अमेरिकी केंद्रीय कमान ने कहा कि उसने लगातार सातवीं रात ईरान के सैन्य ठिकानों, हथियार भंडारों तथा समुद्री सैन्य क्षमताओं को निशाना बनाकर कार्रवाई की। इन हमलों में सीरिक, बुशेहर, बंदर अब्बास, केश्म द्वीप और यज्द क्षेत्र को लक्ष्य बनाया गया।

इस बीच ईरानी सांसद अहमद बख्शायेश अर्देस्तानी ने चेतावनी दी कि यदि अमेरिका ने ईरान पर जमीनी हमला किया तो ईरान कुवैत और बहरीन में प्रवेश कर वहां स्थित अमेरिकी सैन्य ठिकानों को नष्ट कर देगा।

बीते चौबीस घंटों में अमेरिकी हवाई हमले से चाबहार बंदरगाह के नियंत्रण टावर को नुकसान पहुंचने का दावा किया गया है। हालांकि भारत से जुड़े शाहिद बेहेश्ती टर्मिनल को किसी प्रकार की क्षति नहीं पहुंची है। ईरान ने अपने विद्युत ढांचे पर हमले स्वीकार करते हुए दक्षिणी प्रांतों के लोगों से बिजली की खपत कम करने की अपील की है। उधर, ब्रिटेन ने इस्लामी क्रांतिकारी गार्ड वाहिनी को राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा घोषित करते हुए उसके समर्थन को अपराध की श्रेणी में रखा है। वहीं ईरान ने दावा किया है कि उसने कतर स्थित अमेरिकी सैन्य अड्डे पर हमला कर वहां मौजूद सैन्य उपकरणों को नुकसान पहुंचाया है।

#### 7 नागरिकों की मौत का दावा

ईरान के दक्षिणी होर्मोजगान प्रांत में पिछले दो दिनों के अमेरिकी हमलों में 7 लोगों की मौत हुई है। ईरान की तस्नीम प्रांत के सांसद अहमद मोरादी ने कहा कि सभी मृतक नागरिक थे। एक अमेरिकी हमले में प्रांत के एक पुल को निशाना बनाया गया। इस दौरान वहां से गुजर रही दो कारें भी चपेट में आ गईं, जिससे 6 लोगों की मौत हो गई। बंदर अब्बास के तप्पे अल्लाह अकबर इलाके में हुए एक अन्य हमले में एक महिला की मौत हुई, जबकि उसका एक साल का बच्चा गंभीर रूप से घायल हो गया और उसका एक हाथ काटना पड़ा।

#### 11वीं-12वीं की परीक्षाएं रद्द

ईरान के शिक्षा मंत्रालय ने देश के दक्षिणी हिस्से में बिगड़ते हालात को देखते हुए रविवार और सोमवार को 11वीं और 12वीं कक्षा की अंतिम परीक्षाएं रद्द कर दी हैं। तस्नीम न्यूज यह फैसला होर्मोजगान, बुशेहर, खुजेस्तान और सिस्तान-बलूचिस्तान प्रांतों पर लागू होगा। शिक्षा मंत्रालय ने कहा कि इन परीक्षाओं की नई तारीख बाद में घोषित की जाएगी। वहीं, देश के अन्य सभी प्रांतों में परीक्षाएं पहले से तय कार्यक्रम के अनुसार जारी रहेंगी।

# चलती बाइक पर जेब में रखा मोबाइल फटा, युवक घायल

### हादसे से कपड़ों में लगी आग, पैर की हड्डी टूटी

**नईदुनिया ब्यूरो, पांढुर्णाः** पांढुर्णा में शनिवार सुबह चलती मोटरसाइकिल पर सवार एक युवक की जेब में रखा मोबाइल अचानक फट गया। विस्फोट के बाद उसकी पैंट में आग लग गई और मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर सड़क पर फिसल गई। हादसे में युवक करीब 12 फीट तक घिसटता चला गया। उसकी जांघ तथा गुप्तांग का ऊपरी हिस्सा झुलस गया, जबकि पैर की हड्डी भी टूट गई। घटना सुबह लगभग साढ़े दस बजे पांढुर्णा-परसोडी मार्ग के चौड़ीकृत राजमार्ग पर हुई। घायल की पहचान टेमनी कला निवासी संदीप परतेती के रूप में हुई है। वह ड्यूटी समाप्त होने के बाद मोटरसाइकिल से अपने गांव लौट रहा था। साथ में सवार युवक



ने आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन तब तक संदीप की जांघ बुरी तरह झुलस चुकी थी। बताया गया कि उसकी जेब में ओप्पो कंपनी का मोबाइल था, जिसे दो वर्ष पहले खरीदा गया था।जिला अस्पताल के चिकित्सकों के अनुसार संदीप लगभग नौ प्रतिशत झुलसा है। परीक्षण में पैर की हड्डी टूटने की पुष्टि हुई। प्राथमिक उपचार के बाद उसे बेहतर उपचार के लिए नागपुर भेजा गया है, जहां रविवार को उसकी शल्य चिकित्सा की जाएगी।

# पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट 8 लोगों की मौत, 15 घायल



**नईदुनिया ब्यूरो, अहमदाबादः** अहमदाबाद के वस्त्राल क्षेत्र में शनिवार को एक अवैध पटाखा फैक्ट्री में भीषण विस्फोट के बाद आग लगने से आठ कर्मचारियों की मृत्यु हो गई, जबकि लगभग 15 लोग घायल हो गए। हादसा रामोल से गटराड मार्ग पर महमूदपुरा टैलेंट के निकट हुआ। घटना के समय फैक्ट्री में लगभग 25 कर्मचारी कार्य कर रहे थे।

विस्फोट की तेज आवाज सुनते ही निकट स्थित त्वरित कार्यवाही बल के जवान घटनास्थल पर पहुंचे और राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया। स्थानीय लोगों ने भी बचाव अभियान में सहयोग किया। सूचना मिलते ही अग्निशमन दल और एम्बुलेंस मौके पर पहुंच गईं तथा घायलों को एलजी अस्पताल और असरवा सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया। संयुक्त पुलिस आयुक्त जयपाल सिंह राठौड़ के अनुसार, फैक्ट्री का अनुज्ञापत्र पहले ही निरस्त किया जा चुका था, इसके बावजूद वहां पटाखों का निर्माण किया जा रहा था। विस्फोट के बाद फैक्ट्री का शेड पूरी तरह जलकर नष्ट हो गया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हादसे पर शोक व्यक्त करते हुए मृतकों के परिजनों को दो-दो लाख रुपये की अनुग्रह सहायता देने की घोषणा की है।

# दूसरे धर्म की आस्था और पूजा पद्धति पर टिप्पणी से बचना चाहिएः धीरेंद्र शास्त्री

### श्रीकृष्ण पर मौलाना की टिप्पणी का विरोध

**नईदुनिया ब्यूरो, खजुराहो/हैदराबाद :** भगवान श्रीकृष्ण को लेकर उत्तर प्रदेश के मौलाना जर्जिस अंसारी की टिप्पणी पर बागेश्वर धाम के पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। तेलंगाना के शमशाबाद में चल रही हनुमत कथा के दौरान उन्होंने कहा कि प्रत्येक धर्म को अपनी आस्था और पूजा पद्धति तक सीमित रहना चाहिए तथा दूसरे धर्म की मान्यताओं पर टिप्पणी नहीं करनी चाहिए। उन्होंने मौलाना को घरवापसी की सलाह देते हुए कहा कि यदि भविष्य में इस प्रकार का बयान दोहराया गया तो उनके द्वार पर श्रीमद्भगवद्गीता का पाठ किया जाएगा। विवाद की शुरुआत उस समय हुई जब इटावा निवासी मौलाना जर्जिस अंसारी ने दावा किया कि भगवान श्रीकृष्ण दिन में पांच बार नमाज अदा करते थे। उन्होंने अपने कथन के समर्थन में श्रीमद्भगवद्गीता के एक श्लोक का उल्लेख करते हुए उसकी अलग व्याख्या प्रस्तुत की। इस बयान के बाद विभिन्न धार्मिक संगठनों और संतों ने आपत्ति जताई। धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने कहा कि भारत में जन्म लेने वाले सभी लोगों की सांस्कृतिक जड़ें एक हैं। उन्होंने कहा कि अलग-अलग आस्थाओं के बावजूद सभी को एक-दूसरे के धर्म और परंपराओं का सम्मान करना चाहिए तथा किसी की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाले वक्तव्यों से बचना चाहिए।

इधर, इंदौर में दिवंगत संत भय्यू महाराज की पत्नी डॉ. आयुषी देशमुख ने भी इस टिप्पणी पर आपत्ति जताते हुए मौलाना के विरुद्ध प्रकरण दर्ज करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि किसी भी धर्म या आराध्य के संबंध में अपमानजनक टिप्पणी करने वालों के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई होनी चाहिए।

**पुरस्कारों की घोषणा** *'श्रीकांत' सर्वश्रेष्ठ हिंदी फिल्म, ममूटी और कार्तिक आर्यन संयुक्त रूप से सम्मानित...*

# 'आर्टिकल 370' सर्वश्रेष्ठ फीचर फिल्म, यामी सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री



**नईदुनिया ब्यूरो, नई दिल्लीः** 72वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कारों की घोषणा में फिल्म 'आर्टिकल 370' को वर्ष 2024 की सर्वश्रेष्ठ फीचर फिल्म का पुरस्कार प्रदान किया गया। इस फिल्म में मुख्य भूमिका निभाने वाली यामी गौतम को सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का सम्मान मिला, जो उनके करियर का पहला राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार है। वहीं, 'चंदू चैंपियन' में अभिनय के लिए कार्तिक आर्यन और 'ब्रमायुगम' के लिए ममूटी को संयुक्त रूप से सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का पुरस्कार दिया गया। 'आर्टिकल 370' का निर्देशन आदित्य सुहास जांभले ने किया है।

फिल्म में यामी गौतम ने राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण की अधिकारी जूनी हक्सर की भूमिका निभाई है। लगभग 20 करोड़ रुपये की लागत से बनी इस फिल्म ने विश्वभर में लगभग 110 करोड़ रुपये का कारोबार किया। राजकुमार राव अभिनीत फिल्म 'श्रीकांत' को सर्वश्रेष्ठ हिंदी फिल्म का पुरस्कार मिला। इस फिल्म का निर्देशन तुषार हीरानंदानी ने किया है। फिल्म में ज्योतिका, अलाया एफ और शरद केलकर ने भी महत्वपूर्ण भूमिकाएं निभाई हैं। लगभग 35 करोड़ रुपये के बजट में बनी इस फिल्म ने करीब 60 करोड़ रुपये का कारोबार किया। अन्य पुरस्कारों में तमिल फिल्म 'रायन' को सर्वश्रेष्ठ तमिल फिल्म, 'कमेटी कुर्रोल्लू' को सर्वश्रेष्ठ तेलुगु फिल्म, 'लाहरी' को सर्वश्रेष्ठ ओड़िया फिल्म, 'मुक्काम पोस्ट बॉम्बिलवाड़ी' को सर्वश्रेष्ठ मराठी फिल्म तथा 'सुनीता' को सर्वश्रेष्ठ मणिपुरी फिल्म का सम्मान मिला। 'कैप्टन मिलर' और 'मेय्याझगन' को विशेष उल्लेख से सम्मानित किया गया। गैर-फीचर फिल्मों की श्रेणी में 'भंगार' को सर्वश्रेष्ठ गैर-फीचर फिल्म चुना गया। 'मैं निदा' को कला एवं संस्कृति विषयक सर्वश्रेष्ठ फिल्म तथा 'हमसफर' को सर्वश्रेष्ठ लघु फिल्म का पुरस्कार प्रदान किया गया।

#### 72वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार

| | |
|---|---|
| **बेस्ट फीचर फिल्मः** आर्टिकल 370 | **बेस्ट प्रोडक्शन डिजाइनः** कल्कि 2898 एडी |
| **बेस्ट एक्टरः** कार्तिक आर्यन (चंदू चैंपियन) और ममूटी | **बेस्ट एक्शन डायरेक्शनः** अनल अरसु (महाराजा) |
| **बेस्ट एक्ट्रेसः** यामी गौतम (आर्टिकल 370) | **बेस्ट मेकअप आर्टिस्टः** कमेटी कुर्रोल्लू |
| **बेस्ट डायरेक्टरः** राजकुमार पेरियासामी (अमरन) | **बेस्ट कॉस्ट्यूम डिजाइनः** दीपाली और शीतल (पुष्पा 2) |
| **बेस्ट सपोर्टिंग एक्ट्रेसः** रोपाश्री (मिथ्या) और सचाना (महाराजा) | **बेस्ट म्यूजिक (गीत):** शाश्वत सचदेव (आर्टिकल 370) |
| **बेस्ट सपोर्टिंग एक्टरः** संजय मिश्रा (भक्षक) | **बेस्ट बैकग्राउंड म्यूजिकः** जी. वी. प्रकाश (अमरन) |
| **बेस्ट पॉपुलर फिल्म (मनोरंजन):** कल्कि 2898 एडी | **बेस्ट लिरिक्सः** मनोज मुंतशिर (मैदान) |
| **राष्ट्रीय और सामाजिक मूल्यों पर बेस्ट फिल्मः** कैप्टन मिलर | **बेस्ट मेल प्लेबैक सिंगरः** अभय जोधपुरकर (घरात गणपति) |
| **बेस्ट चाइल्ड आर्टिस्टः** ऋद्धिमान, तपोमोय, गीताश्री, अरुंदेव | **बेस्ट फीमेल प्लेबैक सिंगरः** वैकोम विजयलक्ष्मी |
| **बेस्ट सिनेमैटोग्राफीः** शेहनाद जलाल (ब्रमायुगम) | **बेस्ट कोरियोग्राफीः** विजय गांगुली (स्त्री 2) |
| **बेस्ट स्क्रीनप्लेः** सुकुमार (पुष्पा 2) | **बेस्ट साउंड डिजाइनः** मानस चौधरी (भूल भुलैया 3) |
| **बेस्ट डायलॉग राइटरः** वेंकी अटलूरी (लकी भास्कर) | **बेस्ट एडिटिंगः** आर. कलैवन्नन (अमरन) |